प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर–तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर सात मई को होगा मतदान ।
- भरतपुर में शादी समारोह के दौरान दूषित भोजन खाने से 70 लोग बीमार।
- आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जॉइट्स को सात विकेट से हराया।
- प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव–तापमान में 2 से 4 डिग्री का उतार चढाव जारी।

00000

लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस चरण में कुल एक हजार तीन सौ इक्यावन उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी कडी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के पोरबंदर में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने भरोसा जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की आलोचना की है। उन्होंने महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक चुनावी रैली में कहा कि केंद्र सरकार में 30 लाख पद खाली पडे हैं, जबकि 70 करोड लोग बेरोजगार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अमीरों के ऋण तो माफ करती है, लेकिन किसानों के ऋण माफ नहीं कर पाती। राज्य में दोनों चरणों के मतदान सम्पन्न हो चुके है। इस दौरान कुल 25 लोकसभा क्षेत्रों में 61 दशमलव 6 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के पश्चात ईवीएम और वीवीपैट मशीनें मतगणना स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधों के बीच जमा करा दी गई है।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल से पश्चिम बंगाल और झारखंड के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा पार्टी प्रत्याशियों की नामांकन सभा में भाग लेंगे और प्रबुद्धजन सम्मेलनों में मारवाड़ियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री कल सुबह कोलकत्ता के लिए रवाना होंगे, जहां वे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो करेंगे। उसके बाद वे मारवाड़ी समाज से जुड़े उद्योगपतियों के सम्मेलन में शिरकत करेंगे। अगले दिन वे कोलकता से झारखंड के लिए रवाना होंगे, जहां वे ढुलू महतो के लिये वोट मांगेंगे।

00000

राज्यपाल कलराज मिश्र कल एक दिवसीय बीकानेर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री मिश्र तकनीकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। राज्यपाल के दौरे की तैयारी को लेकर कल जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने इसके बाद पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम और अन्य अधिकारियों के साथ राज्यपाल के प्रस्तावित रूट तथा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। राज्यपाल कल सुबह सवा ग्यारह बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से वे सर्किट हाउस जाएंगे और उसके बाद श्री मिश्र दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।

00000

झुंझुनु जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव न्यूयॉर्क में पंचायत स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों पर अपने अनुभव साझा करेंगी। वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग–सीडीपी की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन "सीपीडी मीट–2024" में भाग लेंगी। 3 मई को होने वाले सम्मेलन में वे चुने हुये जनप्रतिनिधियों के "नेतृत्व अनुभव" विषय पर अपने विचार साझा करेंगी।

नीरू यादव के साथ आंध्रप्रदेश की ग्राम पंचायत पिकेरु की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता भी न्यूयॉर्क में विचार साझा करेंगी।

00000

भरतपुर के सांतरुक गांव में एक शादी समारोह में दूषित भोजन खाने से 70 लोग बीमार हो गए। इन सभी बीमारों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से 15 लोगों को जिले के आरबीएम अस्पताल में रैफर किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि शादी के बाद आयोजित देवताओं की पूजा के दौरान बनी चंदिया, पूरी, सब्जी और चावल खाने से लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हुई। सूचना मिलने पर चिकित्सा विभाग की टीम ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर खाद्य सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला भिजवाए हैं।

0000000

प्रदेश में शिक्षा विभाग में कार्यरत 3 लाख से अधिक शिक्षकों और कार्मिकों का डेटा वेरिफिकेशन किया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि शाला दर्पण पोर्टल पर शिक्षा विभाग से जुडे तीन लाख से अधिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की तमाम सूचनाएं अपडेट की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अपडेशन के बाद कार्मिक की नौकरी से लेकर परिवार तक की सभी प्रकार की सूचनाएं पोर्टल पर उपलब्ध हो सकेगी, जिससे शिक्षा विभाग में तबादलो के दौरान इसका लाभ मिलेगा।

00000

शिक्षा विभाग ने मंगलवार से शुरू हो रही 5वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इस परीक्षा के प्रश्न पत्रों को पूरी सुरक्षा के साथ रखा गया है। विभाग के निर्देशों के अनुसार पेपर की अलमारी की चाबी केंद्राधीक्षक और अतिरिक्त केंद्राधीक्षक के पास अलग अलग रहेगी। दोनों की मौजूदगी में ही अलमारी खोली जा सकेगी। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले ही पेपर के लिफाफों को खोला जा सकेगा।

00000

जोधपुर के राइकाबाग से फुलेरा के बीच रेल दोहरीकरण का कार्य पूरा हो गया हैं। कल इस ट्रेक पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल रन किया गया। वेस्टर्न सर्किल के संरक्षा आयुक्त आर के शर्मा ने कल उत्तर पश्चिम रेलवे जोन और जोधपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस ट्रेक का निरीक्षण किया।

00000

पाली जिले के देसूरी कुंभलगढ़ अभयारण्य के वन क्षेत्र में लगी आग को बुझाने के प्रयास जारी है। वन क्षेत्र में शुक्रवार को एक पहाड़ी पर आग नजर आने के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

00000

आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में कल लखनऊं में खेले गये मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जॉयन्ट्स को 7 विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने पहले खेलते हुए राजस्थान रॉयल्स को 197 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे राजस्थान ने तीन विकेट खोकर हांसिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच राजस्थान के कप्तान संजू सेमसन रहे जिन्होंने 33 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाये, जिनमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल है। अंक तालिका में राजस्थान 9 मैचों में से 8 में जीत हांसिल कर 16 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

00000

प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। तापमान में 2 से 4 डिग्री का उतार चढाव जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 4–5 दिन राज्य में मौसम मुख्यतया शुष्क रहेगा। हालांकि गंगानगर, हनुमानगढ क्षेत्रों में आगामी 48 घंटों में आंशिक बादल छाये रहने और बूंदा–बांदी की संभावना है। इसके अलावा एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल और परसों बीकानेर संभाग में आंधी चलने की संभावना है। हनुमानगढ मे बादलो की आवाजाही के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

00000

राज्य सरकार ने गर्मी के मद्दे नजर मनरेगा कार्यों के समय में बदलाव किया है। अब मनरेगा कार्यों का समय एक मई से आगामी 15 जुलाई तक के लिये सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस अवधि के बाद कार्यों का समय जिला कलेक्टर अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे।

00000